हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

तापमान
अधिकतम 45.3 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री



11 पंचायती भूमि जनता की संपत्ति, कब्जा बर्दाश्त नहीं

12 भालौठ ब्रांच नहर को पक्का करने का विरोध




पावन सानिध्य


अनंत श्री विभूषित श्रीमद् पीतांबरा पशुपति (नेपाल) पिठाधीश विश्वगुरु डॉ. गौरीशंकराचार्य जी महाराज परमाध्यक्ष: अंतराष्ट्रीय श्री पशुपति अखाड़ा

KAMAL NAYAN
EMPOWERING LIVES, TRANSFORMING COMMUNITIES

In Honour of the Toppers of 10th/12th Classes
मेधावी छात्र सम्मान 2026
On 23rd May 2026 (Saturday) at 4:00 Pm | Venue : GVM GIRLS COLLEGE "इन्द्रधनुष" AUDITORIUM, Murthal Road, Sonipat

Note: Students scoring 70% and above in the board examinations are requested to collect their appreciation certificates from our registered office.

SRM UNIVERSITY | SANSKARAM UNIVERSITY | Aakash | GATEWAY EDUCATION | PARAS | CA | aisectindia | IITM | BITS | VIDYAPEETH | MSME | Dramitbhartiya | AdmissionVala

Reg. Office : Kamal Nayan Foundation, Pasrija Complex, Near City Mall, Sonipat M. 9149112716, 7015755714

पशुपत्याचार्य जगद्गुरु स्वामी सदानंद पशुपति महाराज


## खबर संक्षेप

### गोहाना आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला कल

**गोहाना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गोहाना में 25 मई को सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य अजय खोखर ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं को कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी जाएगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मेले में अपने प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और बायोडाटा के साथ भाग लें।

### पिपली खेड़ा में जेवर चोरी का मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव पिपली खेड़ा में घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना बड़ी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, 20 मई की शाम घर में रखे पर्स से सोने की झुमकी, चेन, अंगूठियां और चांदी के जेवर गायब मिले। आरोप है कि सक्षम नामक युवक ने वारदात को अंजाम दिया, जो परिवार के ही एक सदस्य से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को भी जांच के लिए बुलाया गया है।

### फार्म हाउस में तोड़फोड़ कर सामान चोरी

**गोहाना।** लाठ गांव के पास एक कंपनी के फार्म हाउस में चोरों ने ताले तोड़कर सामान चोरी कर लिया। कंपनी के सेल्स ब्रांच मैनेजर सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फार्म हाउस लंबे समय से बंद पड़ा था। 21 मई को निरीक्षण के दौरान वहां दरवाजों के ताले टूटे मिले और डबल बैटरी इनवर्टर, कैमरों की डीवीआर, एसी कंप्रेसर और अन्य सामान गायब था।

### युवक को कार ने टक्कर मारी, पीजीआई रेफर

**खरखौदा।** फरमाना गांव में किराए पर रहने वाला सलमान अंसारी, जो डीईसीओ प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है, सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, काम खत्म कर वह फरमाना लौट रहा था। जब वह सड़क किनारे खड़े ऑटो में बैठने लगा, तभी पीछे से आ रही एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सलमान अंसारी के पैर और पेट में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत रोहतक पीजीआई रेफर किया गया।

### गांधी नगर में घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**गन्नौर।** गांधी नगर निवासी एक महिला के घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए। पीड़िता की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 मई को उनके जेठ लीलू की दुकान पर भंडारे का आयोजन था। वह अपने बच्चों के साथ खाना खाने के लिए वहां गई हुई थीं। इस दौरान जल्दबाजी में घर का मुख्य दरवाजा और कमरे की अलमारी लॉक करना रह गया। पीड़िता के अनुसार, जब वह वापस घर लौटी तो अलमारी खुली मिली और उसमें रखे दो सोने के कड़े, एक अंगूठी, चार जोड़ी चांदी की पाजेब व अन्य सामान चोरी हो गया।

## निशांत की डूबने से मौत पर उठे सवाल

1. **सीसीटीवी** न होने से जांच में बाधा : घटना के समय की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने में मुश्किलें
2. **प्रशिक्षित तैराक** की डूबने से मौत पर सवाल पेशेवर खिलाड़ी की मौत ने पूरे खेल जगत को झकझोर दिया
3. **उच्च स्तरीय** जांच समिति गठित : विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन सदस्यीय टीम से जांच शुरू कराई

# 70 लाख की मरम्मत के बाद खुला पूल, दो दिन में ही हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के नवनिर्मित और हाल ही में 70 लाख रुपये की लागत से मरम्मत किए गए स्विमिंग पूल में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निशांत की डूबने से हुई मौत ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दक्षिण दिल्ली के गौतम नगर निवासी निशांत इस संस्थान में क्रिकेट कोचिंग से संबंधित पीजी डिप्लोमा कर रहे थे। पूल को महज दो दिन पहले ही खिलाड़ियों के लिए दोबारा शुरू किया गया था। सबसे बड़ी चूक यह सामने आई है कि इतने बड़े परिसर में सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए थे, जिससे घटना के वास्तविक कारणों की जांच में पुलिस को कठिनाई हो रही है। घटना के समय पूल परिसर में खिलाड़ी, प्रशिक्षक और अन्य स्टाफ मौजूद थे, इसके बावजूद एक प्रशिक्षित तैराक की डूबने से मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने मामले में विरोधाभासी बयानों का आरोप लगाते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने विशेष मेडिकल बोर्ड गठित कर वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया। विसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। हादसे के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूल परिसर को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में बताया गया है कि पूल की गहराई लगभग 18 फीट थी और उसमें 15 फीट तक पानी भरा हुआ था।

कुलपति के निर्देश पर तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग कर रहे हैं। समिति यह जांच करेगी कि सुरक्षा मानकों का पालन हुआ था या नहीं और लाइफगार्ड व आपातकालीन व्यवस्था पर्याप्त थी या नहीं। निशांत दिल्ली पुलिस में उप निरीक्षक के पुत्र थे और अपने परिवार में सबसे बड़े थे। उनका परिवार शिक्षा और प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ा रहा है। उनकी शादी वर्ष 2022 में हुई थी और वे एक छोटे बच्चे के पिता थे, जबकि उनकी पत्नी गर्भवती हैं। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।


सोनीपत। खेल विश्वविद्यालय का स्विमिंग पूल, जहां डूबने से राष्ट्रीय खिलाड़ी निशांत की मौत हुई। इनसेट में फाइल फोटो।

### दस फीट की ऊंचाई से डाइव लगाने में माहिर था निशांत

यह घटना सामान्य दुर्घटना के दायरे से बाहर इसलिए भी नजर आ रही है, क्योंकि घटना के वक्त तरणताल परिसर में कई अन्य खिलाड़ी, सहपाठी और खेल प्रशिक्षक भी मौजूद थे। ऐसे में एक ऐसा खिलाड़ी, जो 10 फीट की ऊंचाई से पानी में डाइव लगाने में माहिर था और जिसे एक बेहतरीन तैराक माना जाता था, वह सबके बीच अचानक कैसे डूब गया, यह सवाल न केवल मृत खिलाड़ी के परिवार को बल्कि पूरे खेल जगत को झकझोर रहा है। प्रथम दृष्टया इस पूरे मामले में भारी प्रशासनिक लापरवाही और आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र के पूरी तरह फेल होने की तस्वीर सामने आ रही है।


सोनीपत। परिजनों के बयान दर्ज करती पुलिस।

# ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी
# 500 से अधिक ट्रकों के पहिए थमे

## सोनीपत-दिल्ली रूट पर भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप, व्यापारियों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार माल की डिलीवरी पर असर
- ट्रांसपोर्टरों कीमांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल को आंदोलन में बदलने की घोषणा
- डीजल, टैक्स और ईसीसी शुल्क से बढ़ा आर्थिक बोझ, किश्तें भरना मुश्किल

एनसीआर क्षेत्र में पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क (ईसीसी) में भारी बढ़ोतरी और गैर-दिल्ली पंजीकृत बीएस-4 वाहनों पर प्रतिबंध के विरोध में ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल दूसरे दिन जारी रही। जिले में हड़ताल के चलते फाजिलपुर स्थित ट्रक यूनियन में दूसरे दिन भी काफी संख्या में ट्रक खड़े रहे। सोनीपत और दिल्ली के बीच रोजाना चलने वाले करीब 500 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही शुक्रवार को भी बंद रही। ट्रकों के पहिए थमने से माल ढुलाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है, जिससे कारोबार पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। माल का आवागमन नहीं होने से व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्टर्स कांग्रेस के आह्वान पर दिल्ली की ओर भारी वाहनों की आवाजाही दो दिन से पूर्ण रूप से बंद है। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। बुकिंग बंद होने और ट्रकों के चक्का जाम के चलते रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर भी असर पड़ने लगा है।

बड़ी कंपनियों में कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार माल की डिलीवरी प्रभावित हुई है। फाजिलपुर ट्रक यूनियन में सन्नाटा पसरा हुआ है और औद्योगिक व निर्माण सामग्री की सप्लाई पर असर दिखने लगा है। भाईचारा ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन के प्रधान अमित कटारिया ने बताया कि ईसीसी शुल्क और बीएस-4 वाहनों पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में ट्रांसपोर्ट संगठन लगातार सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। उनका कहना है कि सरकार की नई नीतियों ने पहले से आर्थिक संकट झेल रहे ट्रक मालिकों और ड्राइवरों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, यह आंदोलन जारी रहेगा। दिल्ली में जरूरी सामान के वाहनों से ग्रीन टैक्स वसूले जाने से भी सामान महंगा होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं ट्रक चालकों ने कहा कि सरकार मनमानी कर रही है, जिससे परेशानी हो रही है।


सोनीपत। फाजिलपुर स्थित ट्रक यूनियन में हड़ताल के दौरान खड़े ट्रक।

### उद्योगपतियों ने 150 से अधिक कॉल किए, दिल्ली जाने से इनकार

उद्योगपतियों की ओर से 150 से अधिक कॉल आने के बावजूद ट्रांसपोर्टरों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का हवाला देते हुए दिल्ली जाने से इनकार कर दिया। ट्रक ऑपरेटरों का कहना है कि डीजल की बढ़ती कीमतें, टैक्स और अन्य खर्च पहले ही कारोबार पर दबाव डाल रहे हैं। ऐसे में ईसीसी शुल्क और नए प्रतिबंधों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई छोटे ट्रांसपोर्टर घाटे में आ चुके हैं और किस्तें भरना भी मुश्किल हो रहा है। हड़ताल के चलते कई ट्रांसपोर्ट कंपनियों ने बुकिंग बंद कर दी है। समय पर माल नहीं पहुंचने से उद्योग और व्यापार जगत में चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों को आशंका है कि यदि हड़ताल लंबी चली, तो बाजार में सामान की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

## बीयर फैक्ट्री के प्रदूषित पानी से पेड़ सूखे, 39 लाख रुपये का जुर्माना


सोनीपत। प्रदूषित पानी के कारण सूखे पेड़।

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 के किनारे गांव नांगल खुर्द के सामने वन विभाग की जमीन पर पेड़ों के सूखने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुरथल क्षेत्र में संचालित एक औद्योगिक इकाई, जिसमें बीयर फैक्टरी भी शामिल है, से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी लंबे समय से वन विभाग की जमीन की ओर छोड़ा जा रहा था। इसके कारण धीरे-धीरे पूरे क्षेत्र की हरियाली समाप्त हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां-जहां यह दूषित पानी पहुंचा, वहां पेड़ पूरी तरह सूख गए, जबकि अन्य हिस्सों में पेड़ अभी भी हरे-भरे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्रियों से निकलने वाला प्रदूषित पानी न केवल जमीन को बल्कि भूजल को भी प्रभावित कर रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे बढ़ सकते हैं। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी अजय मलिक ने बताया कि जांच में सामने आया है कि फैक्टरी की दीवार के नीचे से केमिकल युक्त पानी जमीन में छोड़ा जा रहा था। इसके चलते संबंधित फैक्टरी पर 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# रेलवे यातायात ब्लॉक से कई ट्रेनें रद्द, यात्री परेशान

## शाहाबाद मारकंडा व मोहरी स्टेशन पर तकनीकी कार्य के चलते दिल्ली-अंबाला रूट प्रभावित

## हिमाचल एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का संचालन रद्द, कई रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

उत्तर रेलवे मंडल ने दिल्ली-अंबाला रेल लाइन पर शाहाबाद मारकंडा व मोहरी स्टेशन पर नए इंटरलॉकिंग पैनल व अन्य तकनीकी कार्यों के चलते यातायात ब्लॉक का निर्णय लिया है। यातायात ब्लॉक के चलते रेलवे ने कई एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन को रद्द करने के अलावा कुछ गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन कर परिचालन किया जाएगा। कई ट्रेनों के परिचालन संबंधी समय-सारणी में भी बदलाव किया गया है। ऐसे में सोनीपत स्टेशन से दिल्ली व अंबाला की ओर आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। अधिकारियों की मानें तो ट्रेन संख्या 14053/14054 हिमाचल एक्सप्रेस का 30 मई से 4 जून तक परिचालन रद्द रहेगा। 14079/80 दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस और 14507/08 बठिंडा एक्सप्रेस 6 जून को रद्द रहेंगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 12311 नेताजी एक्सप्रेस का 29 मई से 3 जून तक मार्ग परिवर्तन कर परिचालन किया जाएगा। उक्त ट्रेन को वाया खुर्जा जंक्शन, मेरठ सिटी, सहारनपुर, अंबाला होते हुए चलाया गया। इन दिनों यह ट्रेन सोनीपत व गन्नौर स्टेशन पर नहीं पहुंचेगी। 18101 मुर्री एक्सप्रेस का 29 मई, 31 मई व 3 जून को मार्ग परिवर्तन कर परिचालन होगा। 18309 संभलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस को 30 मई, 1 व 2 जून को रूट बदलकर चलाया जाएगा। वहीं 11077 झेलम एक्सप्रेस का भी 29 मई से 3 जून तक रूट बदलकर परिचालन होगा। इनके अलावा 12925 पश्चिम एक्सप्रेस को 5 जून, 20434 जम्मू मेल, 12312 नेताजी एक्सप्रेस का 30 मई से 4 जून तक, 18102 मुर्री एक्सप्रेस का 30 मई, 1 जून व 3 जून, 18309 जम्मूतवी-संभलपुर एक्सप्रेस को 31 मई, 2 जून व 4 जून, 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस, 22430 पठानकोट-दिल्ली एक्सप्रेस, 14218 ऊंचाहार एक्सप्रेस व 12926 पश्चिम एक्सप्रेस का 6 जून का रूट परिवर्तन के साथ परिचालन होगा।



### निर्धारित समय से देरी से चलेंगी यह ट्रेनें

ट्रेन संख्या 11078 झेलम एक्सप्रेस 30 मई से 4 जून तक 1:25 घंटे की देरी से जम्मूतवी से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी। 12920 मालवा एक्सप्रेस का 6 जून को 1:25 घंटे की देरी से कटरा से अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी। इनके अलावा 11058 दादर एक्सप्रेस का 6 जून को 2:10 घंटे की देरी से अमृतसर से परिचालन शुरू किया जाएगा।

**बीच मार्ग में रुककर चलेंगी यह ट्रेनें :** ट्रेन संख्या 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस का 29 मई से 3 जून तक आदर्श नगर, दिल्ली-कुरुक्षेत्र के बीच 2.10 घंटे रोककर परिचालन किया जाएगा। वहीं 11057 दादर एक्सप्रेस का 1:45 घंटे की देरी से बीच मार्ग में रुक-रुककर परिचालन किया जाएगा। 12919 मालवा एक्सप्रेस 30 मई से 4 जून तक आदर्श नगर, दिल्ली-कुरुक्षेत्र के बीच 1:25 घंटे और 14217 ऊंचाहार एक्सप्रेस का 1:10 घंटे रोककर परिचालन होगा।



South Point
GROUP OF EDUCATION
(DELHI-NCR) SONEPAT
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
ADMISSIONS OPEN
SOUTH POINT INST. OF TECH. & MANAGEMENT
B.Tech / LEET (CSE, ECE, MECHANICAL, CIVIL)
Diploma / LEET (CSE, ECE, ELECT., MECH. CIVIL)
BBA, BCA
SOUTH POINT COLLEGE OF LAW
B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM
SOUTH POINT DEGREE COLLEGE
B.A., B.Sc. (Medical/Non-Med.) B.Com
SOUTH POINT COLLEGE OF PHARMACY
D.Pharm, B. Pharm / LEET, DMLT
SOUTH POINT COLLEGE OF NURSING
B.Sc. (Nursing)
SUNDAY OPEN

DILBAG S. KHATRI
Chairman
www.southpoint.net.in



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।



लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसी दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द


# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

## खबर संक्षेप

### एसबीआई कर्मचारियों की 25-26 मई को देशव्यापी हड़ताल

सोनीपत। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) कर्मचारी संगठन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 25 और 26 मई को दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इस संबंध में शुक्रवार को सोनीपत स्थित क्षेत्रीय कार्यालय-1 में कर्मचारियों ने कैंडल मार्च और धरना प्रदर्शन किया। यूनियन नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन बैंक प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रमुख मांगों में संदेशवाहकों और सुरक्षा गार्डों की भर्ती, पर्याप्त स्टाफ नियुक्ति, आउटसोर्सिंग पर रोक तथा 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए इंटर सर्कल ट्रांसफर की सुविधा शामिल हैं। इसके अलावा एचआरएमएस समस्याओं का समाधान, मेडिकल रिइम्बर्समेंट स्कीम में सुधार और करियर प्रोग्रेशन स्कीम की समीक्षा की मांग भी उठाई गई। कर्मचारियों ने क्रॉस सेलिंग के नाम पर गलत तरीके से उत्पाद बेचने की प्रथा बंद करने की भी मांग की।

### रोटेशन प्रणाली की अनदेखी का आरोप

सोनीपत। डीसीआरयूएसटी टीचर्स एसोसिएशन ने फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईटी) के नए डीन की नियुक्ति को लेकर विवि प्रशासन पर विवि अधिनियम, 2006 की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एसो ने हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति से मामले में हस्तक्षेप कर नियमों के अनुसार नियुक्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। एसो के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कुलाधिपति को भेजे ज्ञापन में बताया कि प्रो. एसके गुप्ता को 13 नवंबर 2025 को डीन का कार्यभार सौंपा था, जबकि तत्कालीन डीन प्रो. आरके गर्ग का कार्यकाल पूरा नहीं हुआ था। अब प्रो. एसके गुप्ता 29 मई 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिसके बाद नए डीन की नियुक्ति रोटेशन प्रणाली के तहत होना जरूरी है।

## चेतावनी: मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार की सांकेतिक शव यात्रा निकाली**


खरखौदा। सरकार का पुतला दहन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को खरखौदा में हरियाणा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार की सांकेतिक शव यात्रा निकाली। उक्त यात्रा ब्लॉक कार्यालय खरखौदा से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए मटिंडू चौक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

यह प्रदर्शन ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला संयोजक राजेश टॉकी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर खरखौदा संघर्ष समिति के सदस्य विकेश रोहना, प्रवेश उर्फ लालू एवं उनके साथियों ने भी पहुंचकर कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन दिया।

इसके अलावा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के खरखौदा ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक पाराशर भी धरना स्थल पर पहुंचे और शव यात्रा में शामिल हुए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी ब्लॉक खरखौदा में ब्लॉक अध्यक्ष रोहतास चंडालिया की अध्यक्षता में धरने पर बैठे हुए हैं।

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक प्रधान आशा वर्कर रेखा, आशा वर्कर सोनिया, भोला थाना कला, प्रमोद रामपुर, सुरेन्द्र मोजमनगर, विनोद रोहना, जोगिंदर बिधलान, मुकेश गढ़ी सिसाना, कमलेश सिसाना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।


सोनीपत। पुतला फूंकते यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### धरना सातवें दिन भी जारी

सोनीपत। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू हरियाणा का डीसी कार्यालय पर धरना सातवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन के सामने मुख्यमंत्री नायब सैनी का पुतला दहन किया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। यूनियन नेताओं सिल्क राम मलिक, ऋतुराज, देवेंद्र मलिक, सदानंद सोलंकी और राकेश जहेरी ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी वर्ष 2008 से कार्य कर रहे हैं, लेकिन 19 साल की सेवा के बाद भी उन्हें पक्का नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 31 दिसंबर 2025 को 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों को पक्का करने के निर्देश दिए थे। कर्मचारियों ने सरकार से 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू करने और कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। यूनियन ने 25 मई को नरवाना में मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर महापड़ाव की घोषणा भी की।

# कल्पना चावला विद्यापीठ ने नेशनल सुपर स्पीड खो-खो में कब्जाया स्वर्ण पदक

- अंतिम मुकाबला हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के बीच खेला गया


खरखौदा। खिलाड़ियों को नकद राशि देकर सम्मानित करते शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर लौटे विजेता खिलाड़ियों का कल्पना चावला विद्यापीठ में भव्य स्वागत किया गया। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल, चड़वाल कठुआ, जम्मू-कश्मीर में 17 से 19 मई तक आयोजित नेशनल सुपर स्पीड खो-खो टूर्नामेंट में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें कल्पना चावला विद्यापीठ के चार प्रतिभावान छात्रों—आशु, रोहित, योगेश और कार्तिक ने हरियाणा की टीम की तरफ से खेलते हुए हिस्सा लिया। बेहद रोमांचक मोड़ से गुजरते इस प्रतियोगिता का अंतिम मुकाबला हरियाणा और जम्मू-कश्मीर की टीम के बीच खेला गया। अंतिम मैच में हरियाणा की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते 17 अंक हासिल किए, जबकि जम्मू-कश्मीर की टीम 12 अंक ही बना सकी। इस तरह 5 अंकों के अंतर से मेजबान टीम को शिकस्त देकर हरियाणा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन कर खिलाड़ी वापस विद्यालय पहुंचे, तो उनका जोरदार स्वागत किया गया।

# विद्यार्थियों को भावनात्मक संतुलन व जिम्मेदार व्यवहार के लिए किया जागरूक

- ब्राइट स्कॉलर में अनुशासन और सकारात्मक व्यवहार पर कार्यशाला


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अनुशासन, सकारात्मक व्यवहार और भावनात्मक जागरूकता को लेकर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अच्छी आदतें विकसित करना और उन्हें कठिन परिस्थितियों का सही तरीके से सामना करना सिखाना था।

स्कूल काउंसलर तनु हांडा ने अनुशासन और व्यवहार प्रबंधन विषय पर छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूल के नियमों का पालन करने, सम्मानजनक व्यवहार अपनाने और अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से सकारात्मक सोच का संदेश दिया। इसके बाद काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट चेतना वशिष्ठ और आशिता ने भावनात्मक जागरूकता, गुस्सा प्रबंधन और आपसी विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने पर जानकारी दी। विद्यार्थियों ने गतिविधियों और चर्चाओं में उत्साह से भाग लिया।


सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय में आरके नागर को सम्मानित करते हुए।

### यूनियन ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष का 72वां जन्मदिन

सोनीपत। एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 स्थित परिसर में असली हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर का 72वां जन्मदिन सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला चेयरमैन राकेश त्यागी और जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की। इस दौरान केक काटा गया और कर्मचारियों को लड्डू बांटे गए। समारोह में विभिन्न जिलों से पहुंचे यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आरके नागर वर्ष 1978 से लगातार कर्मचारी हितों के लिए आंदोलन करते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, बोनस दिलाने और कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों के अधिकारों के लिए कई आंदोलन किए गए। सभा में सरकार से 15 जून तक कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा पत्र जारी करने की मांग की गई। मौके पर ध्रुव कुमार, सुरेंद्र सिंह रंगा, जोगेंद्र सिंह, योग प्रकाश नागर, समेश कुमार, समे सिंह, अरुण कुमार, शमशेर सिंह, प्रधान रमेश शर्मा, वीरेंद्र राठी, महेश सपरा, रमेश धनखड़, रवि दहिया, राकेश चांवरिया, विनोद कुमार, जगबीर सिंह, शुभम कुमार, राजकुमार, कुलदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।

# पंचायती भूमि जनता की संपत्ति, अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं

- जनहित में बड़ा फैसला : एक महीने में नोटिस, तीन महीने में कब्जामुक्त की जाएगी पंचायत भूमि : एसडीएम


गोहाना। अधिकारियों को निर्देश देते एसडीएम अंकित कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

एसडीएम अंकित कुमार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए पंचायती भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के संबंध में शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने गोहाना, मुंडलाना तथा कथूरा तीनों खंडों के बीडीपीओ अधिकारियों के साथ-साथ गोहाना तहसीलदार शिखा एवं नायब तहसीलदार खानपुर अंजू को निर्देश दिए कि पंचायत भूमि पर जहां भी अवैध कब्जे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कब्जामुक्त करवाया जाए। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि पंचायत भूमि आम जनता की संपत्ति होती है और उस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर अवैध कब्जे किए हुए हैं, वहां कब्जाधारियों को एक महीने के भीतर नोटिस जारी किए जाएं ताकि वे स्वयं पंचायती भूमि, तालाब, रास्ते आदि खाली कर सकें। इसके बाद भी यदि कब्जा नहीं हटाया जाता है तो आगामी तीन महीनों के भीतर प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए कब्जे हटाए जाएं।

उन्होंने कहा कि पंचायत भूमि पर अवैध कब्जों के कारण आम लोगों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई स्थानों पर सार्वजनिक रास्ते, जोहड़, खेल मैदान और अन्य सामुदायिक भूमि पर कब्जे होने से ग्रामीणों को दिक्कतें आती हैं। प्रशासन का उद्देश्य ऐसी भूमि को कब्जा मुक्त करा कर उसका उपयोग जनहित कार्यों में करना है।

**अवैध कब्जा न करें**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा पंचायत भूमि को कब्जामुक्त करवाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा ताकि सरकारी एवं पंचायत संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ग्रामीणों को सार्वजनिक सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि वह किसी भी प्रकार का अनुचित व अवैध कब्जा न करें।

### बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

गन्नौर। विश्व योग दिवस को सफल बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग और आयुष विभाग द्वारा स्कूलों में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय उच्च विद्यालय बजाना कलां, तहसील गन्नौर में विद्यार्थियों के लिए आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष योग सहायक जीतराम ने पीटीआई एवं प्रहरी क्लब शिक्षक विजेंद्र सिंह के साथ मिलकर विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई। योग प्रशिक्षक जीतराम ने बच्चों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव भी दूर होता है। विद्यालय प्रभारी सुल्तान ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना बेहद जरूरी है। पीटीआई विजेंद्र सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।


गन्नौर। नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते हुए।

# भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे राजा राममोहन राय : अशोक

- सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में राजा राममोहन राय की 254वीं जयंती मनाई


गोहाना। राजा राममोहन राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि देते हुए नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में शुक्रवार को राजा राममोहन राय की 254वीं जयंती मनाई गई। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता शहीद मदनलाल ढींगरा पार्क स्थित वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष अशोक आर्य ने कहा राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के जनक और भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत माने जाते हैं। वे एक प्रख्यात समाज सुधारक, विद्वान और ब्रह्म समाज के संस्थापक थे। उनका भारतीय समाज में योगदान बहुआयामी था सामाजिक बुराइयों को दूर करने और प्रगतिशील मूल्यों को बढ़ावा देने में उनके अथक प्रयासों ने अधिक न्याय संगत और प्रबुद्ध भारत की नींव रखी। जयंती समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के गोहाना शहरी इकाई के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने की। कहा राजा राममोहन राय दूरदर्शी शिक्षाविद थे उनकी विचारधारा एकेश्वरीयवाद, सामाजिक सुधार, शिक्षा, महिलाओं के अधिकारों, तर्कवाद और धार्मिक सही सहिष्णुता की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण थी।

# खाप प्रतिनिधियों ने कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की उठाई मांग

- प्रतिनिधिमंडल ने एस्टेट मैनेजर नरेश रोहिल्ला को ज्ञापन सौंपा


खरखौदा। एस्टेट मैनेजर को ज्ञापन देते दहिया खाप प्रधान जयपाल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

आईएमटी खरखौदा क्षेत्र में स्थापित मारुति, मिंडा जैसी बड़ी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर शुक्रवार को दहिया खाप व राणा खाप प्रतिनिधिमंडल एचएसआईआईडीसी कार्यालय पहुंचा। दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने एस्टेट मैनेजर नरेश रोहिल्ला को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता पर नौकरी देने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में महेंद्र, विनोद राणा जटराणा खाप प्रधान, वजीर सिंह, जयकिशन, रामबीर, सुरेंद्र, धर्म, जय सिंह व धर्मपाल सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने कहा कि खरखौदा क्षेत्र की जमीन उद्योगों की स्थापना के लिए अधिग्रहित की गई थी ताकि क्षेत्र का विकास हो और स्थानीय परिवारों के बच्चों को रोजगार मिल सके। लेकिन क्षेत्र में यह बात जंगल की आग तरह फैल रही है कि मारुति सुजुकी, मिंडा व अन्य कंपनियां आधार कार्ड में स्थानीय पता देखकर यहां के युवाओं को रोजगार और ठेके नहीं दे रही हैं। खाप प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि ऐसी स्थिति है तो यह बेहद गंभीर विषय है।

# खेतों की मार्केट वैल्यू के लिए बनाई लॉटरी पॉलिसी का किसान यूनियन करेगी विरोध

- भाकियू एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान बेदी दहिया की अध्यक्षता में हुई


खरखौदा। बैठक को संबोधित करते जिला प्रधान बेदी दहिया। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला कार्यकारिणी की बैठक अनाज मंडी खरखौदा में जिला प्रधान बेदी दहिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य तौर पर प्रदेश सचिव वीरेंद्र खोखर, जिला महासचिव हँसबीर खरब,खरखौदा ब्लॉक प्रधान शक्ति दहिया, युवा जिला प्रधान प्रवीन दहिया, सचिव बुधराम कोहाड़,कोषाध्यक्ष बिजेंद्र दहिया, गोहाना ब्लॉक प्रधान राजबीर माजरा, महासचिव रामनिवास निजामपुर, गन्नौर ब्लॉक युवा प्रधान अंकित लाकड़ा, चुन्नी हलालपुर, रामकुंवार दहिया, जिला प्रचार मंत्री राज सिंह दहिया, वतन दहिया, रोहताश दहिया, जिला प्रवक्ता देशपाल दहिया, विकास राणा, रामकुंवार कुंडल, सुनील राणा आदि उपस्थित रहे। जिला संयोजक इंद्रजीत राणा ने कहा कि मीटिंग में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया है कि भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की जिला कमेटी प्रदेश सरकार द्वारा खेतों की मार्केट वैल्यू निकालने के लिए बनाई गई नई लॉटरी पॉलिसी का पूरी तरह विरोध करेगी और पीड़ति किसानों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।


खारखौदा। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत करते विधायक पवन खरखौदा। फोटो :हरिभूमि

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का विधायक ने किया स्वागत

खरखौदा। रोहतक मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता युवा मोर्चा की खरखौदा विधानसभा इकाई के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। विधायक पवन खरखौदा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया तथा जिला महामंत्री सुमित अंतिल और संदीप राणा का विशेष आभार व्यक्त किया। सुमित गर्ग (मंडल अध्यक्ष, खरखौदा), पवन तोमर (मंडल अध्यक्ष, फरमाना), प्रवीन कौशिक (मंडल अध्यक्ष, रोहट), देव शर्मा (मंडल महामंत्री, खरखौदा), नवीन कौशिक (जिला कार्यकारिणी सदस्य) ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। विधायक पवन खरखौदा ने युवा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही संगठन की असली रीढ़ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## कृषि विभाग को मिला 2600 एकड़ का लक्ष्य, पोर्टल पर पंजीकरण शुरू

# धान के बजाए कपास उगाने वाले किसानों को मिलेगा बोनस

**जल संरक्षण में जिम्मेदारी निभाएगा कृषि विभाग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

खरीफ सीजन में धान की फसल में पानी का खर्च काफी अधिक होता है। गर्मी अधिक होने की चलते सिंचाई का बोझ भूजल पर ही रहता है। जिन क्षेत्रों में किसान लगातार धान की खेती कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में भूजल स्तर लगातार घटता जा रहा है। इन परिस्थितियों में सुधार के लिए सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना लागू की है। योजना के अंतर्गत किसानों को धान के बजाय अन्य ऐसी फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसके उत्पादन के साथ पानी का बचाव किया जा सके। जिला कृषि विभाग ने जल संरक्षण की मुहिम को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत जिलास्तर पर लक्ष्य जारी किया है। जिसके अंतर्गत जिला सोनीपत में इस वर्ष कृषि विभाग को 2600 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। कृषि विभाग ने लक्ष्य प्राप्त होने के बाद किसानों में जागरूकता लाने की योजना तैयार की है। इसके लिए विशेष शिविर लगाकर किसानों को जागरूक करने का निर्णय लिया है, ताकि जल संरक्षण के प्रति ज्यादा से ज्यादा जिम्मेदारी को निभाया जा सके। वहीं मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को सरकार की ओर से आर्थिक तौर पर प्रोत्साहन उपलब्ध करवाया जाएगा। जिन किसानों ने पिछले साल खेत में धान उगाया था, लेकिन इस बार उसी खेत में धान के बजाय योजना के तहत शामिल की अन्य फसल उगाई जाती है, तो उन्हें 8000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान राशि मुहैया करवाई जाएगी। उधर यदि कोई किसान धान वाले खेत में इस बार कपास की खेती उगाता है, तो उसे 2000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा।

**2000 रुपये प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस**

कृषि विभाग को मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत लक्ष्य की प्राप्ति हुई है। किसानों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसान वर्ग अपनी फसलों का जल्द पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं। धान की फसल का त्याग कर अन्य फसलों को उगाने वाले किसानों को योजना के तहत अनुदान राशि मुहैया करवाई जाएगी। कपास की फसल के लिए 2000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा।
-डॉ. पीके गुलिया, उपनिदेशक, कृषि विभाग, सोनीपत

**15 जून तक धान रोपाई पर रोक, सीधी बिजाई की छूट**

सोनीपत में हर साल किसान 90 हजार से 1 लाख हेक्टेयर तक धान की फसल उगाते हैं। 15 जून के आसपास प्री मानसून दस्तक देता है। ऐसे में उसके बाद भूजल का दोहन कम हो जाता है। जिले में जल संरक्षण अभियान के तहत धान की रोपाई पर 15 जून तक रोक लगाई गई है। इससे पहले धान की रोपाई करने वाले किसानों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। साथ ही खेत में फसल नष्ट करने के अलावा किसान को जुर्माना भी भुगतना होगा। हालांकि किसान 15 जून से पहले धान की सीधी बिजाई कर सकते हैं।

**सूचना**

मैं, नंदा पुत्र श्री रामदिया निवासी 338/1 गांधी नगर गन्नौर तह. गन्नौर जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहन और उसकी पत्नी ममता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### गौतम का एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में चयन

**खरखौदा।** डोंग नाई, वियतनाम में आगामी 15 से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली 10 वीं सीनियर एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026-27 के लिए प्रताप स्कूल के खिलाड़ी गौतम पुत्र योगेन्द्र का चयन हुआ है। गौतम 90-95 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीनगर में हुए ट्रायल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गौतम का चयन एशियन चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। गौतम इससे पहले भी 8 बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं।

### बिजली कटों को लेकर मेयर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**सोनीपत।** पिछले एक सप्ताह से शहर में लग रहे अघोषित बिजली कटों से परेशान लोगों की समस्याओं को लेकर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने हरियाणा राज्य बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना पूर्व सूचना के बिजली कट न लगाए जाएं और फ्यूज उड़ने या तार टूटने की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए। बैठक में कार्यकारी अभियंता रणबीर देशवाल, उपमंडल अभियंता प्रदीप खोखर और कार्तिक रोहिल्ला ने बताया कि हरसाना कलां 132 केवी सब स्टेशन और सेक्टर-15 सब स्टेशन की क्षमता 300 से बढ़ाकर 400 कर दी गई है। इससे ओवरलोड की समस्या कम होगी।

### 2026-27 के लिए जारी किया स्टूडेंट एनरिचमेंट एक्टिविटीज कैलेंडर

# रचनात्मक और तार्किक ज्ञान बढ़ाने को सीबीएसई के छात्रों के लिए होंगे इवेंट

**सालभर हर माह स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए बड़े कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन, जून से होगी शुरुआत**

*कार्यक्रमों में विज्ञान स्पर्धा, प्रदर्शनी, एक्सप्रेशन सीरीज, आर्यभट्ट गणित चैलेंज जैसे अनेक कार्यक्रम रहेंगे शामिल, प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को अपने इनोवेटिव मॉडल और सुझाव प्रस्तुत करने का मिलेगा मौका, बाहर आएंगी छिपी प्रतिभाएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के अंतर्गत संचालित स्कूलों में अब विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच व छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हर माह विशेष इवेंट का आयोजन किया जाएगा। इन स्कूलों के विद्यार्थी केवल किताबों व परीक्षाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें विशेष गतिविधियों के माध्यम से भी आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएंगे। इसी उद्देश्य के साथ सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्टूडेंट एनरिचमेंट एक्टिविटीज कैलेंडर जारी किया है। साथ ही सीबीएसई ने विद्यार्थियों में जीवन कौशल, सामाजिक कौशल, भावनात्मक कौशल पैदा करने के लिए शिक्षण प्रणाली में कुछ विशेष बदलाव भी किए हैं।

बता दें कि जिला सोनीपत में सीबीएसई के अंतर्गत कुल 165 स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इन सीबीएसई स्कूलों में अब विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को तराशने के लिए हर माह विषय अनुसार गतिविधियों पर आधारित कोई न कोई बड़े सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल परिसर पूरा साल गतिविधियों के माध्यम से सुर्खियों में रहेंगे। हालांकि कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों संबंधी कार्यक्रमों की शुरुआत जून माह से प्रारंभ की जाएगी। अधिकारियों की मानें तो 19 जून को नेशनल रीडिंग डे और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके अलावा सालभर विज्ञान स्पर्धा, विषय अनुसार प्रदर्शनी, एक्सप्रेशन सीरीज, स्टोरी टेलिंग, हेरिटेज इंडिया क्विज, आर्यभट्ट गणित चैलेंज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सीबीएसई ने सभी संबंधित स्कूलों को पत्र जारी कर विद्यार्थियों को इनमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।



**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में पढ़ाई करते विद्यार्थी।

#### विद्यार्थी अपने इनोवेटिव मॉडल, आइडिया करेंगे प्रस्तुत

शिक्षकों की मानें तो जून से अक्तूबर तक विभिन्न शहरों में सीबीएसई गेम्स आयोजित की जाएंगी। जिनके लिए बोर्ड ने अलग से नोटिफिकेशन जारी किया है। सितंबर से अक्तूबर में आर्यभट्ट गणित चैलेंज गतिविधि का आयोजन होगा। अगस्त से अक्तूबर तक सीबीएसई रीडिंग चैलेंज ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आयोजित होंगे। सितंबर में ऑनलाइन स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता करवाई जाएगी। अक्तूबर से जनवरी 2027 तक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थी को अपने इनोवेटिव मॉडल और आइडिया प्रस्तुत कर सकेंगे।

#### तीन भाषाओं में ज्ञान अर्जित करेंगे विद्यार्थी

सीबीएसई ने इस वर्ष से कक्षा पहली से 9वीं तक के सभी बच्चों को तीन भाषाओं का ज्ञान देने का निर्णय लिया है। स्कूल प्रबंधकों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह अपने स्कूलों में इस पर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन विषयों में अंग्रेजी के साथ हिंदी व क्षेत्रीय भाषा को महत्व दिया गया है। अगर किसी क्षेत्र में क्षेत्रीय भाषा नहीं है, तो वहां विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा पढ़ाना अनिवार्य रहेगा।

#### संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित

इस नई पहल का उद्देश्य केवल अकादमिक प्रदर्शन तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। सीबीएसई बोर्ड का सुझाव है कि इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, टीमवर्क व आत्मविश्वास जागृत होगा। इस साल एक्सप्रेशन सीरीज का दो चरणों में आयोजन किया जाएगा। प्रथम चरण जून व द्वितीय चरण अक्तूबर माह में ऑनलाइन मोड़ में आयोजित किया जाएगा।

#### अभिभावकों के लिए कैलेंडर जारी

सीबीएसई ने विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों के लिए भी अलग से कैलेंडर जारी किया है। जिस प्रकार विद्यार्थियों के लिए हर माह गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, उसी प्रकार अभिभावकों के लिए भी विशेष कार्यक्रम होंगे।

#### छात्रों के विकास में मिलेगा सहयोग

सीबीएसई की ओर से जारी कैलेंडर अनुसार स्कूलों में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, ताकि कक्षानुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग मिल सके। विद्यार्थी और अभिभावक सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर एकेडमिक पोर्टल में उपलब्ध स्टूडेंट एनरिचमेंट एक्टिविटीज कैलेंडर-2026 लिंक से पूरा कैलेंडर डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें सभी गतिविधियों की तारीख साझा की गई है।

**-प्रेम कुमार ओझा,** जिला समन्वयक, सीबीएसई, सोनीपत

## आधुनिक शुगर मिल की मांग पर किसानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत से मुलाकात कर कुलदीप नांगल पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी के साथ किसान शुगर मिल की मांग करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- मांग को मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

सोनीपत शुगर मिल की जर्जर हालत को देखते हुए किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक कृष्णा गहलावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और किसानों ने राई क्षेत्र में नया आधुनिक शुगर मिल स्थापित करने की मांग उठाई है। विधायक ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। किसानों ने विधायक को बताया कि सोनीपत शुगर मिल की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। पिछले पेराई सीजन में तकनीकी खामियों के चलते मिल लंबे समय तक बंद रही थी। इसके कारण किसानों को अपनी गन्ने की फसल दूसरे जिलों की मिलों में ले जानी पड़ी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने मांग की कि आगामी पेराई सीजन शुरू होने से पहले मिल की मरम्मत का कार्य पूरी तरह पूरा कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मौजूदा शुगर मिल काफी पुरानी होने के साथ उसकी पेराई क्षमता भी कम है, जबकि राई और सोनीपत क्षेत्र में गन्ने की पैदावार लगातार बढ़ रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुलदीप नांगल पूर्व चेयरमैन मार्केट कमेटी, शीलू, मकेश प्रधान, सुरेश पूर्व डायरेक्टर, सुरेंद्र, प्रदीप पूर्व सरपंच, सुरेंद्र मुकीमपुर, अमरजीत, अमित, चिंटू, दीपक, अंकित, कृष्ण मुरथल, चांद मुरथल सहित अनेक किसान और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### लड़सौली पुल के पास सर्विस रोड से बाइक चोरी

**गन्नौर।** लड़सौली पुल के पास सर्विस रोड पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित युवक की शिकायत पर थाना बड़ी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अकबरपुर बरोटा निवासी राहुल ने बताया कि वह 27 अप्रैल को अपनी मोटरसाइकिल पर गन्नौर आया हुआ था। वापसी के दौरान लडसौली पुल के ऊपर उसकी बाइक अचानक खराब हो गई। इसके बाद उसने बाइक को पुल के नीचे सर्विस रोड पर मंदिर के पास सुरक्षित समझकर खड़ा कर दिया और किसी जरूरी काम से वहां से चला गया। राहुल ने बताया कि 29 अप्रैल को जब वह दोबारा अपनी मोटरसाइकिल लेने पहुंचा तो बाइक वहां नहीं मिली। इसके बाद मामले की शिकायत थाना बड़ी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी ।

## एसडीएम ने प्राइवेट स्कूल बसों का किया निरीक्षण

- सुरक्षा मानकों की परखी व्यवस्थाएं, निरीक्षण अभियान का उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** स्कूल बसों के निरीक्षण को लेकर निर्देश देते हुए एसडीएम अंकित कुमार।

एसडीएम अंकित कुमार ने शुक्रवार को क्षेत्र के निजी स्कूलों की बसों का औचक निरीक्षण कर विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्कूल बसों में उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों, दस्तावेजों तथा परिवहन नियमों के पालन की गहनता से जांच की। निरीक्षण अभियान का उद्देश्य स्कूल आने-जाने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

एसडीएम अंकित कुमार ने निरीक्षण के दौरान बसों में फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस सिस्टम, इमरजेंसी गेट, स्पीड गवर्नर, फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण प्रमाणपत्र तथा ड्राइवरों के लाइसेंस की जांच की। उन्होंने बसों में बैठने की क्षमता, साफ-सफाई तथा बच्चों की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में स्कूल बसों में सुरक्षा नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। अंकित कुमार ने स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न की जाए, बसों की समय-समय पर तकनीकी जांच अवश्य करवाई जाए व यातायात नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बसों में सुरक्षा संबंधी कमियां पाई जाएंगी, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि यदि उन्हें किसी स्कूल वाहन में सुरक्षा संबंधी कमी दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### ओवरलोड रेत से भरे डंपरों से खांडा गांव के ग्रामीण परेशान



**खरखौदा।** गांव खांडा में रेत से भरे ओवरलोड डंपर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इन डंपरों से सड़क पर लगातार रेत और मिट्टी गिरती रहती है, जो बाद में धूल-मिट्टी में बदल जाती है। इससे पूरे दिन गांव की सड़कों पर धूल उड़ती रहती है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये डंपर सेहरी गांव से खेड़ी गांव स्थित ईंट भट्टों तक मिट्टी और रेत ढुलाई का कार्य कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश ट्रकों पर नंबर प्लेट तक नहीं लगी हुई है और न ही रेत व मिट्टी को तिरपाल से ढका जाता है। इसके अलावा तय क्षमता से अधिक मिट्टी और रेत भरकर वाहन सड़कों पर दौड़ाए जा रहे हैं। गांव वासियों ने बताया कि लगातार उड़ती धूल के कारण राहगीरों, दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## भालौठ ब्रांच नहर को पक्का करने का विरोध, निर्माण रुकवाया

- किसानों ने जौली-न्यात मार्ग पर नहर के किनारे धरना शुरू किया, चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक काम दोबारा शुरू नहीं होने देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** नहर किनारे धरने पर बैठे किसान। *फोटो : हरिभूमि*

क्षेत्र के गांव जौली, लाठ, न्यात और अन्य गांवों के किसानों ने भालौठ ब्रांच नहर को पूरी तरह से पक्का करने विरोध करते हुए शुक्रवार को निर्माण कार्य रुकवा दिया। किसानों ने जौली-न्यात मार्ग पर नहर के किनारे धरना शुरू कर दिया और चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक काम दोबारा शुरू नहीं होने दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के नेता सत्यवान नरवाल, श्रीभगवान लाठ, प्रदीप, कप्तान, सुरेश ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा भालौठ ब्रांच नहर को पूरी तरह कंक्रीट से पक्का किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर प्रभावित होगा और आने वाले समय में पेयजल संकट गहरा सकता है। किसानों ने कहा कि उन्हें नहर के किनारों को पक्का किए जाने से कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि इससे कटाव रुकता है और पानी की बचत होती है। लेकिन नहर का नीचे का हिस्सा कच्चा छोड़ा जाना चाहिए, ताकि पानी जमीन में रिसकर भूजल रिचार्ज करता रहे।

### दो किसानों के खेतों से मोटर व कंट्रोलर चोरी

**गोहाना।** जौली गांव में दो किसानों के खेतों मोटर व कंट्रोलर चोरी हो गए। इसको लेकर किसान ने सदर थाना में शिकायत दी। जौली गांव निवासी जयनारायण ने पुलिस को बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में सोलर मोटर ट्यूबवेल कनेक्शन ले रखा है। वह 18 मई को शाम करीब सात बजे खेत में सोलर मोटर से सिंचाई कर उसे बंद करके वापस घर आ गया था। अगले दिन सुबह छह बजे खेत में गया तो वहां से तीन हॉर्स पावर की सोलर मोटर व कंट्रोलर नहीं मिले। इसके अलावा गांव के राजेश के बीधल रोड स्थित खेत से कंट्रोलर चोरी मिला। इस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



**गोहाना।** सहायक उपकरण वितरित करते हुए बीईओ सतेंद्र दहिया व कार्यवाहक प्राचार्या मंजू हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

### 17 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण दिए

**गोहाना।** शुक्रवार को शैक्षणिक खंड गोहाना के 17 दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण वितरण कार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में किया गया। वितरण कार्य पूर्व प्राचार्य एवं जिला कुरुक्षेत्र के शैक्षणिक खंड बाबैन के खंड शिक्षा अधिकारी सतेंद्र दहिया व विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या मंजू हुड्डा द्वारा किया गया। अगस्त 2025 में समग्र शिक्षा के तहत दिव्यांग चिकित्सा शिविर लगाया गया था। उस शिविर में चिकित्सकों द्वारा अनुमोदित बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरण वितरण शिविर का संयोजन शैक्षणिक खंड गोहाना के विशेष अध्यापक बलराज, नीलम, सुनीता और रुकमा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुदेश, सरोज, ज्योति, जगविजय और जसवंत का विशेष योगदान रहा।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपित काबू

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना की पुलिस ने आरोपित को चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित गांव बिचपड़ी निवासी मोहित पुत्र नरेश है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय मे पेश करके उसके आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गोहाना की सहगल कालोनी निवासी सतीश पुत्र शिव नारायण ने 20 मई 2026 को थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी। उनके अनुसार 19 मई 2026 को रात्रि करीब 11 बजे उसके घर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल को किसी ने चुरा लिया। पुलिस ने इस घटना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मोटरसाइकिल चोर की तलाश शुरू कर दी।

## जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2025 में अवनी और वंशिका ने बिखेरी चमक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की ओर से आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2025 में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वीरवार को जीवीएम कन्या महाविद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जिले भर से लगभग 700 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच साउथ पॉइंट की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। मुख्यातिथि के रूप में पहुंची हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव सुषमा गुप्ता ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और कहा कि-बच्चे ही राष्ट्र का भविष्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटीएम सिमरन ने की। इस दौरान जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती भी मौजूद रही। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि समारोह में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल की कक्षा छठी (ट्यूलिप) की छात्रा अवनी ने हिंदी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।



**गन्नौर।** मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाते हुए।

### गर्मी में बच्चों ने लगाई मीठे पानी की छबील

**गन्नौर।** भीषण गर्मी के बीच चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मानव सेवा करते हुए मीठे पानी की छबील लगाई और राहगीरों को भी मीठा पानी पिलाई। विद्यार्थियों ने तपती गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया और समाज को मानव सेवा का संदेश दिया। राहगीरों ने बच्चों के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से बच्चों में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना विकसित होती है। बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझना भी जरूरी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं तथा उनमें प्रेम, सहयोग और एक-दूसरे की सहायता करने की भावना को मजबूत करते हैं।

### खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेहतरीन तकनीक, अनुशासन का दिया परिचय

# 44वीं जिलास्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला बैडमिंटन संघ, सोनीपत की ओर से शुक्रवार को 44वीं जिलास्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आगाज किया गया। ककरोई रोड स्थित मलिक बैडमिंटन अकादमी में 22 से 24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर से 300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में अंडर-11 से लेकर सीनियर एवं मास्टर्स वर्ग तक के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया।



**सोनीपत।** अकादमी में आयोजित जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।



#### बैडमिंटन चैंपियनशिप से खिलाड़ियों को मिला मंच

इससे पहले चैंपियनशिप का शुभारंभ मेयर राजीव जैन ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन खेलकर अपनी फिटनेस का परिचय भी दिया और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। ऐसे आयोजन जिले की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी एवं ट्रीमेन के नाम से विख्यात देवेंद्र सूरा, नरेंद्र मलिक ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सचिव जगबीर सिंह छिक्कारा ने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध करवाना और नई प्रतिभाओं को आगे लाना है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि जिले में बैडमिंटन के प्रति युवाओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है।